संदेश

प्रिय अभिभावक

यह मेरा पहला अवसर एवं सौभाग्य है जब में इस संस्थान में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं के अभिभावकगणों से सीधा संवाद कर रहा हूं । मैं, बतौर निदेशक, आप सभी अभिभावकगणों को आपके पाल्यों की शिक्षा और उज्जवल भविष्य के लिये बिपिन त्रिपाठी कुमायूं प्रौद्योगिकी संस्थान, द्वाराहाट पर अपना विश्वास व्यक्त करने के लिये अपना हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहता हूं तथा आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम इस संस्थान में शिक्षारत् समस्त छात्रों के प्रति अपने इस जिम्मेदारी के लिए पूर्ण सजग तथा उन्हें सर्वोत्तम संभव शैक्षणिक वातावरण एवं अनुभव प्रदान करने के लिये प्रतिबद्ध हैं ।

हमें आपको यह बताते हुये खुशी हो रही है कि उत्कृष्ट शैक्षणिक माहौल बनाने के लिये हम पूरी लगन से काम कर रहे हैं । इस दिशा में हम, विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं – जिनका लक्ष्य शैक्षिक गुणवत्ता के साथ–साथ हमारे छात्रों के अनवरत् सीखने तथा रोजगार–कौशलता हेतु अनुकूल माहौल प्रदान करना भी है, – में सकारात्मक बदलाव एवं संवर्धन हेतु संस्थान की प्रशासकीय परिषद और राज्य सरकार से आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया में हैं । हालांकि, हम यह भी स्पष्ट करना चाहेंगे कि इन लक्ष्यों को प्राप्त करने में अभी कुछ समय लगेगा तथा इन प्रयासों के ठोस लाभ आगामी सेमेस्टर में दिखना आरंभ हो जायेंगे ।

इस बीच, अपने संस्थान की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिये हमें इस संस्थान के सभी हितधारकों की सक्रिय और जागरूक भागीदारी की आवश्यकता है, जिससे हम सभी अपने छात्रों के शैक्षणिक अनुभव को बढ़ाने के सामान्य उद्देश्य की दिशा में मिलकर काम करें । अभिभावक होने के नाते हम आपसे, अपने पाल्यों/बच्चों को पूर्ण अनुशासन में रहने तथा इन प्रयासो के महत्व को समझने में आपके सहयोग की अपेक्षा/अनुरोध करते हैं ।

हम यह बिल्कुल स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि संस्थान किसी भी ऐसे प्रयास/कृत्य को बर्दाशत् नहीं करेगा, जिसका उद्देश्य उस प्रगति में बाधा डालना है जिसे हम हासिल करने का प्रयास का रहे हैं । उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अटूट है और इस उद्देश्य के प्रतिकूल कार्य करने वाली किसी भी अनुशासनहीनता/अराजकता को दृढ़तापूर्वक और कड़ाई से निपटेंगे ।

माता–पिता और अभिभावक के रूप में, आप इस यात्रा में अपने बच्चों का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिक निभाते हैं । आपका समर्थन, प्रोत्साहन और मार्गदर्शन हमारे लिये अमूल्य है, हम साथ मिलकर एक ऐसा शैक्षणिक माहौल बना सकते हैं जो हमारे छात्रों को उनकी पूरी क्षमता हासिल करने के लिये सशक्त बनाएगा ।

एक बार फिर, शिक्षा में अपने भागीदार के रूप में इस संस्थान को चुनने के लिये आपका धन्यवाद । हम अकादमिक उत्कृष्टता के अपने साझा दृष्टिकोण को साकार करने के लिये आने वाले महीनों में आपके साथ मिलकर काम करने के लिये तत्पर है ।

संस्थान के विकास में आपके किसी भी प्रश्न, चिंता अथवा सुझाव का स्वागत है । आपकी प्रतिकिया हमारे लिये महत्वपूर्ण है और हम आपकी सहायता के लिये सदैव उपलब्ध हैं ।

27/9/23

(डा0 के0के0एस0 मेर)
प्रभारी निदेशक

email id : suggestions.btkit@gmail.com